मेरी लाज बचाने में बड़ी देर लगाई है

सारी दुनिया ने बाबा मेरी हसीं उड़ाई है,
मेरी लाज बचाने में बड़ी देर लगाई है,
तूने लाज बचाने में क्यों देर लगाई है....

आज बचालो बाबा दिल ने पुकारा है,
देख लिया मैनें नही कोई हमारा हैं,
फरियाद सुनाई है, फरियाद सुनाई है,
मेरी लाज बचाने में बड़ी देर लगाई है......

आया भिखारी बाबा भीख तुमसे पाऊंगा,
वादा है मेरा दर से खाली ना जाऊंगा,
मैने अर्जी लगाई है, मैंने अर्जी लगाई है,
मेरी लाज बचाने में बड़ी देर लगाई है......

प्रेमी दिवाना तेरा क्यों तड़पाते हो,
लोगो को तुम दीनानाथ कहाते हो,
लाखो की बचाई है....तूने लाखो की बचाई है,
मेरी लाज बचाने में बड़ी देर लगाई है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29523/title/meri-laaj-bachane-me-badi-der-lagayi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |